Phone : 011-46060521, 558, 565, 606

Shri Lal Bahadur Shastri Rashtriya Sanskrit Vidyapeetha
(Deemed University)
A Central Autonomous Body-Under M/o HRD, Govt. of India
Katwaria Sarai, New Delhi – 110 016

Date : 28-Nov-13

कार्यवृत्त

आज दिनांक 28.11.2013 को माननीय कुलपति, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ की अध्यक्षता में नैक से संबद्ध गतिविधियों के संबंध में कुलपति कक्ष में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित महानुभव उपस्थित थे :

1. डॉ. बीके महापात्र
   कुलसचिव,
   श्री.ला.ब.शा.र.सं. विद्यापीठ

2. प्रो. आर.के. पाण्डेय
   संयोजक - नैक,
   श्री.ला.ब.शा.र.सं. विद्यापीठ

3. प्रो. पी.के. दीक्षित
   निदेशक - आंतरिक गुणवत्ता आश्वसान प्रकोष्ट,
   श्री.ला.ब.शा.र.सं. विद्यापीठ

4. श्री ए.के. टण्डन
   सहायक कुलसचिव (लेखा),
   श्री.ला.ब.शा.र.सं. विद्यापीठ

बैठक में दिनांक 08.10.2013 की बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन हेतु चर्चा की गई एवं विद्यापीठ में नैक की प्रक्रिया जारी रखने हेतु निम्नलिखित निर्णय लिए गए :

अ) नैक से संबंधित समस्त आंतरिक गतिविधियों जैसे की स्व अध्यन प्रतिवेदन (एस.एस.आर.) तैयार करना, विद्यार्थियों के फीडबैक फार्म पर विभागीय प्रतिक्रिया प्राप्त करना इत्यादि निदेशक, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा सम्पन्न किया जायेगा। निदेशक, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ ने यह सूचित किया है कि वार्षिक गुणवत्ता आवश्वासन प्रतिवेदन (ए.क्यू.ए.आर.) 2011-12 एवं 2012-13 से संबंधित सूचनाएं वेद, पौरोहित्य एवं धर्मशास्त्र विभागों से प्राप्त नहीं हुई है। इस सम्बन्ध में माननीय कुलपति जी ने, जो कि वेद वेदांग संकाय के प्रमुख भी हैं, एक सप्ताह के भीतर वांछित सूचनाएं तीनों विभागों से लेकर आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ को देने हेतु निर्देश दिया है।

Phone : 011-46060521, 558, 565, 606

Shri Lal Bahadur Shastri Rashtriya Sanskrit Vidyapeetha

(Deemed University)

A Central Autonomous Body-Under M/o HRD, Govt. of India

Katwaria Sarai, New Delhi – 110 016

4838.
3.12.13

Date : 28-Nov-13

ब) बैठक में यह निर्णय लिया गया कि नैक के मूल्याङ्कन एवं प्रत्यायन से सम्बन्धित कार्य आई. क्यू.ए.सी. द्वारा सम्पन्न होंगे। जिसका निवर्हन निदेशक द्वारा किया जायेगा। उक्त कार्य हेतु संयोजक, नैक की कोई भूमिका नहीं हैं। अत: अब तक संयोजक द्वारा किए गए समस्त कार्य, फार्म, सूचनाएं निदेशक, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ को उपलब्ध कराई जाएं। श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ के संदर्भ में नैक को भेजे जाने वाले किसी भी प्रकार की सूचना, फार्म केवल निदेशक, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के माध्यम से ही भेजी जाएं।

स) विद्यापीठ में जारी होने वाले समस्त कार्यालयीय आदेशों एवं अध्यापकों द्वारा की गयी शैक्षणिक कार्यों से सम्बद्ध सूचनाऔं (अवकाश आवेदन के साथ एवं बाद में प्राप्त) की एक प्रति निदेशक, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ को भेजी जानी चाहिए। इस संबंध में प्रशासन की ओर से एक अधिसूचना जारी होनी चाहिए।

द) नैक एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ से संबंधित कार्यों के सुगम संचालन हेतु आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ में एक पूर्णकालिक लिपिक की नियुक्ति की जानी चाहिए एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ को एक पृथक कक्ष एवं अन्य उपकरण उपलब्ध कराये जाने चाहिए।

य) निदेशक, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ ने सूचित किया कि विद्यापीठ के बी.एड. विभाग की स्व अध्ययन प्रतिवेदन (एस.एस.आर.) अभी तक उनको प्राप्त नहीं हुई है। इस संबंध में यह निर्णय लिया गया कि संकाय प्रमुख, बी.एड. विभाग को अपने संकाय से संबंध स्व अध्ययन प्रतिवेदन (एस.एस.आर.) आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ को तत्काल उपलब्ध कराने को कहा जाए।

र) बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि स्व अध्ययन प्रतिवेदन (एस.एस.आर.) एवं वार्षिक गुणवत्ता आश्वासन प्रतिवेदन (ए.क्यू.ए.आर.) तैयार होने के पश्चात् Letter of Indent (LOI) आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा नैक को भेजा जाए।

(डा. बीके. महापात्र) (प्रो. आर.के. पाण्डेय) (प्रो. पी.के. दीक्षित) (श्री ए.के. टण्डन)

(प्रो. भवेन्द्र झा)